# ऑटो एक्सपो में लॉन्च होंगे 40 से अधिक वाहन और उत्पाद

## 17 से 22 जनवरी के बीच दिल्ली और ग्रेटर नोएडा में तीन स्थानों पर होगा आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 (ऑटो एक्पो) का आगाज 17 जनवरी को दिल्ली के मंडपम में होगा। वहीं, 18 को दिल्ली के यशोभूमि और 19 को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में ऑटो एक्सपो की शुरुआत होगी। इस बार इन तीनों स्थान पर 40 से अधिक वाहन लॉन्च होंगे। कंपनियों के साथ आयोजकों ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। इस बार चीन की कंपनियों की भागीदारी कम रहेगी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव विमल आनंद ने कहा कि पिछली बार ऑटो एक्सपो केवल दिल्ली के मंडपम में हुआ था, लेकिन इस बार तीन गुना अधिक बड़ा होगा। ऑटोमोबाइल के साथ इसमें बैटरी शो और टायर शो भी शामिल होंगे। इलेक्ट्रॉनिक शो भारत मंडपम में होगा। ऑटो एक्सपो में इस बार 40 से अधिक वाहन व अन्य उत्पादों की लॉन्चिग होगी। इनमें चार व दो पहिया वाहनों से लेकर यात्री वाहन शामिल होंगे। बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद है। चीन की कंपनियों व प्रदर्शकों को वीजा नहीं मिलने के मामले में उन्होंने कहा कि इस पर काम किया जा रहा है। एक्सपो में चीन की कंपनियां बड़े पैमाने पर आने को तैयार हैं, लेकिन वीजा एक समस्या हो सकती हैं। यह एक व्यक्ति के हाथ की बात नहीं हैं। विभिन्न भारतीय मंत्रालयों से जुड़ा है। चीन से आने वाले विजिटर्स की जांच के लिए बहुत सारी प्रणाली है। उन्होंने कहा कि कंपोनेंट शो यशोभमि में आयोजित होगा, जबकि ग्रेटर नोएडा में निर्माण उपकरण होंगे, जो शहरी बुनियादी ढांचे का प्रदर्शन करेंगे। इनमें ड्रोन शो जैसे हवाई व जल परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल हैं।

### 19 जनवरी से शुरु होगा भारत बैटरी शो



सांकेतिक

भारत बैटरी शो से 19 जनवरी को पर्दा उठेगा। इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस के अध्यक्ष डेबी प्रसाद ने कहा कि ऊर्जा भंडारण और चार्जिंग पारिस्थितिकी तंत्र में 20 से अधिक उत्पाद लॉन्च होंगे। पिछले साल लगभग 50 प्रदर्शक थे। इस साल 80 से पुष्टि मिल गई है। विभिन्न देशों के 100 प्रदर्शकों के आने उम्मीद हैं। इनमें यूएसए, जापान, जर्मनी, इटली, सिंगापुर और चीन शामिल हैं। कई कंपनियां भविष्य की रणनीति की घोषणा करेंगी। हालांकि कुछ भविष्य की योजनाओं को सार्वजनिक कर चुकी हैं।